वर्ष : 1, अंक: 122 इंदौर, शुक्रवार 9 मई 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

DIGITAL EDITION

S-400 पड़ोसी के लिए बन गया काल!

# कराची के 15 इलाकों में भारी तबाही

सरहद पर बीते 36 घंटे में तेजी से हालात बदले हैं। पाकिस्तान जंग पर आमादा है। गुरुवार को दोपहर 2:34 बजे यह खुलासा हुआ कि पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत के 15 शहरों में स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे सेना ने नाकाम कर दिया। यही नहीं, पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। उधर, पाकिस्तान ने भी कई दावे कर दिए। हालांकि, शाम 5:30 बजे विदेश मंत्रालय ने प्रेस ब्रीफिंग कर पाकिस्तान के कई झूठ को बेनकाब कर दिया। रात आठ बजे के बाद हालात तेजी से बदलते चले गए।




## पस्त पड़ा पड़ोसी...

## आठ मिसाइलें इंटरसेप्ट हुईं

पाकिस्तान की आठ मिसाइलों को भारतीय सेना ने इंटरसेप्ट किया। वायु रक्षा इकाइयों ने गुरुवार शाम रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सतवारी स्थित जम्मू हवाई अड्डे सहित जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर पाकिस्तान द्वारा दागी गई कम से कम आठ मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोका। मिसाइलों को सतवारी (जम्मू हवाई अड्डा), सांबा, आरएस पुरा और अरनिया सहित प्रमुख स्थानों पर रोका गया।

## पाकिस्तानी पायलट पकड़ा गया

सेना ने भारतीय सीमा के अंदर से एक पाकिस्तानी पायलट को कब्जे में लिया। पाकिस्तानी पायलट ने लड़ाकू विमान के साथ भारत की सीमा में प्रवेश किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के लड़ाकू विमान को भारत ने मार गिराया।



**एजेंसी » नई दिल्ली**

गुरुवार रात शुरुआती खबर जम्मू एयरपोर्ट से आई। यहां पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन हमलों की शुरुआत हुई। अचानक सायरन बजने लगे और ब्लैकआउट हो गया। भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान ने ड्रोन से हमले किए। यहां भी वायु रक्षा प्रणाली ने सभी ड्रोन मार गिराए। जैसलमेर में सेना ने भारतीय सीमा में घुसे एक पाकिस्तानी पायलट को पकड़ा है। पाकिस्तानी पायलट लड़ाकू विमान के साथ भारतीय सीमा में दाखिल हुआ था। सेना की ओर से जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में NOTAM जारी है। बता दें कि NOTAM (नोटिस टू एयरमैन) यह पायलटों को संभावित खतरों के बारे में सचेत करने के लिए जारी किया जाने वाला नोटिस होता है।

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित तीन प्रमुख सैन्य ठिकानों जम्मू, पठानकोट और उधमपुर को भी ड्रोन और मिसाइल से निशाना बनाया। हालांकि इन हमलों में कोई नुकसान नहीं हुआ है। भारतीय सशस्त्र बलों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए खतरे को पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया। हेडक्वार्टर्स इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है कि जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित जम्मू, पठानकोट और उधमपुर के सैन्य स्टेशनों को पाकिस्तान द्वारा मिसाइल और ड्रोन के माध्यम से निशाना बनाया गया। किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। भारतीय सशस्त्र बलों ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसआपी) के तहत खतरे को बेअसर कर दिया है। भारतीय सेना की त्वरित कार्रवाई से बड़ी घटना टल गई। सूत्रों के अनुसार हमलों का उद्देश्य सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाना था, लेकिन वायु रक्षा प्रणाली और सतर्कता के चलते हमलों को नाकाम कर दिया गया।

## चौतरफा घिराया पाकिस्तान... भारत के हमले से हुआ भारी नुकसान... अब जान की भीख मांग रहा 'आतंकिस्तान'!

### हवाई यात्रा पर नजर, कई उड़ानें रद्द

हालात को देखते हुए देश भर में एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके बाद एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। एयरलाइंस ने यात्रियों से तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंचने के लिए कहा है। इसके अलावा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआई) एयरपोर्ट पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से गुरुवार तक 135 उड़ानें रद्द की गई और 193 से ज्यादा उड़ानों में विलंब हुआ। गुरुवार को विभिन्न एयरलाइंस द्वारा 90 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और छह अंतरराष्ट्रीय आगमन शामिल हैं।

### 10 मई तक के लिए 27 एयरपोर्ट बंद

ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे हालात बदल दिए है। भारत ने पाकिस्तान को पूरी तरह नेस्तानाबूत कर दिया है। इस बीच युद्ध का हवाई यात्राओं पर असर पड़ा है। गुरुवार को घरेलू एयरलाइंस ने 430 उड़ानों को कैंसल कर दिया है। वहीं शनिवार 10 मई तक के लिए 27 एयरपोर्ट को बंद कर दिए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, रद्द की गई उड़ाने देश में कुल उड़ानों का तीन प्रतिशत हैं। पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे के ऊपर का एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए लगभग खाली है। पाकिस्तान और भारत के पश्चिमी गलियारे का जम्मू-कश्मीर और गुजरात के ऊपर का एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए खाली है क्योंकि विमानन कंपनियों ने इसे संवेदनशील क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस दौरान विमानन कंपनियों ने बुधवार को 300 से अधिक उड़ानों को कैंसल कर दिया था। उत्तरी एवं पश्चिमी भारत में 21 एयरपोर्ट बंद किए गए। बताया जा रहा है कि अधिकांश विदेशी एयरलाइंस ने एयरस्पेस में प्रतिबंध की वजह से पाकिस्तान के ऊपर उड़ानों पर पाबंदी लगा दी है। जर्मनी की लुफ्थांसा ने गुरुवार को कहा कि कंपनी हालात पर नजर बनाए हुए है। पांच भारतीय शहरों में 64 उड़ानें संचालित करने वाली कंपनी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए लुफ्थांसा अगले आदेश तक पाक एयरस्पेस में नहीं जा रहा है।



## पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन अटैक फेल... मिला मुंहतोड़ जवाब

ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान अब फेस सेविंग करने के लिए जम्मू-कश्मीर, अमृतसर सहित राजस्थान के बॉर्डर से सटे शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। गुरुवार रात को पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर सहित कई अलग-अलग शहरों में ड्रोन और मिसाइल से हमले करने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने नाकाम कर दिया। इससे एक रात पहले भी पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की थी। लेकिन भारत के S-400 एयर डिफेंस सिस्टम से उसे नाकाम कर दिया था। जानिए हर बड़े अपडेट्स।

### अमेरिका बोला - हमारा लेना-देना नहीं...

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, जो मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है।'जेडी वेंस ने कहा, 'हम जो कर सकते हैं, वह यह है कि इन लोगों को थोड़ा तनाव कम करने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश करें, लेकिन हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं, जो मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है और इसका अमेरिका की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है। आप जानते हैं, अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता। हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते। और इसलिए, हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे। हमारी आशा और हमारी अपेक्षा यह है कि यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या परमाणु संघर्ष में नहीं बदलेगा। अभी, हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है'।

### भारत को नहीं हुआ कोई नुकसान...

भारत के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'जम्मू, पठानकोट और उधमपुर में सैन्य स्टेशनों को जम्मू-कश्मीर में इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों द्वारा निशाना बनाया गया। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के अनुरूप काइनेटिक और नॉन-काइनेटिंग क्षमताओं का उपयोग करके खतरों को तुरंत बेअसर कर दिया गया। इन हमलों में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने तथा अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।' भारत के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने गुरुवार शाम को सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया के आसमान में 8 पाकिस्तानी मिसाइलों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

### जयपुर-जैसलमेर की कई ट्रेनें रद्द...

भारत-पाकिस्तान में हो रहे हवाई हमलों के बीच उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण ने जानकारी दी कि कुछ ट्रेन सेवाओं में आंशिक रद्दीकरण, पुनर्निर्धारण और मार्ग में देरी जैसी बाधाएं सामने आ रही हैं। रेलवे ने यात्रियों से अपने यात्रा कार्यक्रमों की जांच करने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा न हो। ट्रेन संख्या 12468 (जयपुर – जैसलमेर) जो 08 मई 2025 को जयपुर से चलनी थी, अब केवल बीकानेर तक ही चलेगी। इसी तरह अन्य ट्रेनें भी प्रभावित हुईं।

# खुड़ैल पुलिस जिहादियों को दे रही संरक्षण

## दलित समाज ने किया खुड़ैल थाने का घेराव

रणजीत टाइम्स

**आदित्य शर्मा**

खुड़ेल। कट्टरपंथी जिहादी वसीम शकील और उसके अन्य 5 साथियों ने दलित युवक जितेन्द्र राठौर को जान से मारने की नियत से बेरहमी से मारपीट कर जानलेवा हमला किया था नोबल हॉस्पिटल में भर्ती जितेंद्र के सिर में लगभग 8 फ्रेक्चर है, और जबड़ा पूरी तरह से टूट चुका है। पीड़ित हमले के बाद से ही बेसुध है। न बोल पा रहा है, न सुन पा रहा है। डॉ गोस्वामी ने बताया कि (डिफ्यूज एप्डोमिनल इंज्यूरी) अर्थात ब्रेन का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जितेन्द्र राठौर को लगभग 15 दिन में होश में आयेगा, अभी उसके चेहरे और सिर का ऑपरेशन करना बाकी है। खुड़ैल पुलिस ने मामूली धाराओं में केस दर्ज कर एक मुलजिम वसीम खान को गिरफ्तार कर वाहवाही लूट ली बाकि ४ जिहादियों को नजरअंदाज कर दिया गया। उक्त मामले की जानकारी घायल की पत्नी और बहन ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को दी, दलित नेता महासंघ के पदाधिकारियों के साथ घायल जितेन्द्र राठौर का स्वास्थ्य जानने बिचौली मर्दाना स्थित नोबल हॉस्पिटल पहुंचे और इलाज कर रहे डॉक्टरों से चर्चा कर खुड़ैल थाने पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए थाने का घेराव प्रदर्शन किया।

मौके मौजूद DSP ग्रामीण उमाशंकर चौधरी खुड़ैल थाना प्रभारी करणीसिंह शक्तावत के सामने दलित नेता मनोज परमार पीड़ित परिवार का पक्ष रखते हुए कहा कि अन्य ४ आरोपियों को पुलिस राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार करें जिहादियों की संपत्ति की जांच कर अवैध निर्माणों को जमींदोज किया जाए आरोपियों पर प्राणघातक हमले का प्रकरण दर्ज किया जाए। जितेन्द्र राठौर ३ बेटियों का पिता और घर में मजदूरी कर कमाने वाला एक मात्र व्यक्ति हैं जिसके कारण उसके परिवार का संचालन होता है। उसके इलाज के लिए रेड क्रॉस सोसायटी या मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक मुआवजा दिया जाए ॥ जैसी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।





पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि दलित घायल युवक को न्याय मिलेगा पुनः आरोपी को रिमांड पर लिया जाएगा, जिससे अन्य आरोपीयों का पता चल सके। एवं सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ रासुका की कार्यवाही की जाएगी। अवैध निर्माण को लेकर कलेक्टर प्रशासन को अवगत कराया जायेगा। उक्त आश्वासन के पश्चात् दलित समाजजनों ने आंदोलन समाप्त किया।



इस दौरान मुख्य रूप से अंकिता पंवार, विमला भंडारी, सुनीता ठाकुर, राधा तीर्थनी, नीतू तीर्थनी, छाया सिरसोट, आशा भाटिया, अश्विनी सिरसोट, पायल विश्वकर्मा, नर्मदा गुर्जर, चिंटू मालवीय, विकाश पथरोड़, पंडित दिनेश शर्मा, लोकेश कुमरावत, नवीनत यादव, विशाल सारवान, पवन भावसार, दिनेश कुलपारे, दिनेश हिरवे, रितेश परमार, भरत बिल्लौरे, रोहित आंजना, गणेश राव, गौरव वानखेडे, सुरेश सिंह भदौरिया, राधे परमार, सुरेन्द्र गठिया, विनायक बिरला, आशुतोष गिरनार, विकाश पटेल, राज परमार, सहित अखिल भारतीय बलाई महासंघ के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे।

## अग्रिम खाद उठाव कर बाद की परेशानियों से बचे- प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल

रणजीत टाइम्स

**दीपक तोमर**

खरगोन।शासन की अग्रिम खाद भंडारण योजना अंतर्गत अब तक खरगोन जिले की 128 सहकारी संस्थाओं में 33 हजार 359 मेट्रिक टन एवं बडवानी जिले की 54 सहकारी संस्थाओं में 17 हजार 196 मेट्रिक टन खाद का भंडारण कर लिया गया है। जिसमें से खरगोन जिले में मात्र 02 हजार 387 मेंट्रिक टन तथा बडवानी जिल में 231 मेंट्रिक टन खाद का किसानों के द्वारा उठाव किया गया है जो कि अत्यंत कम है। इस संबंध में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन के प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान अपनी खरीफ फसलों के लिए लगने वाले खाद का अग्रिम भंडारण कर लें, ताकि सीजन के समय उन्हें खाद उठाव करने में कोई परेशानी का सामना न करना पडें। वर्षा प्रारंभ होते ही उर्वरकों की मांग बढ जाती है, यदि किसानों द्वारा अपनी आवश्यकता के अनुसार खाद संस्था से अग्रिम उठाव कर लिया जाता है, तो संस्था के गोदाम में रिक्तता आने से संस्था द्वारा और अग्रिम भंडारण कर लिया जाएगा। ताकि संस्था को खाद भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो सकेगा। वही किसानों को भी पीक सीजन में खाद आपूर्ति की समस्या भी नही रहेगी।



खरगोन एवं बडवानी जिले की सभी संस्थाओं को निर्देश्रित किया गया है, कि संस्था कार्य क्षेत्र के समस्त ग्रामों में डोंडी पिटवाकर किसानों को अग्रिम खाद के उठाव के लिए प्रेरित किया जाए। ताकि किसानों को पीक सीजन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कृषि विभाग के मैदानी अमले से भी अनुरोध किया गया है कि अपने क्षेत्र के किसानों को सहकारी संस्थाओं में भंडारित रासायनिक खाद के उठाव के लिए प्रेरित किया जाए।

## सिविल डिफेंस को लेकर कसरावद में अधिकारियों और उद्यमियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

रणजीत टाइम्स

**दीपक तोमर**

कसरावद। शासन निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में 08 मई को सिविल डिफेंस को लेकर कसरावद में एसडीएम श्री सत्येन्द्र बैरवा की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्यमियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री धनंजय शुक्ला, मंडलेश्वर एसडीओपी, तहसीलदार, होमगार्ड के डिप्टी कमांडेंट, शहरी विकास अभिकरण के सहायक परियोजना अधिकारी श्री उमेश जोशी एवं औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों के प्रतिनिधि व उद्यमी उपस्थित थे।



इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपदा होने पर औद्योगिक इकाइयां अपने यहां सुरक्षा के आवश्यक उपकरण व चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाएं तैयार रखें और कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दें। अपने उद्योग में संभावित दुर्घटनाओं के संबंध में मॉक ड्रिल भी समय-समय पर करते रहे एवं इसकी सूचना प्रशासन व स्थानीय पुलिस थाने को भी देते रहें। जिससे आपदा की स्थिति से निपटने में प्रशासन और आमजन का सहयोग मिलेगा।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 9 मई 2025
DIGITAL EDITION



# पीएम श्री विद्यालय खनियाधाना में समर कैंप के ज़रिए विद्यार्थियों की प्रतिभा को मिल रहा मंच

रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल




खनियाधाना( शिवपुरी )पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक खनियाधाना में इन दिनों ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन उत्साहपूर्वक जारी है, जिसमें विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता एवं जीवन कौशलों को निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ कराई जा रही हैं। यह शिविर शासन की मंशा के अनुरूप जिला कलेक्टर श्री रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह राठौड़ तथा एकेडमिक परियोजना समन्वयक श्री राजा बाबू आर्य के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। 1 मई से 20 मई तक चलने वाले इस शिविर में विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम, खेलकूद, प्रेरणात्मक गतिविधियाँ, समूह चर्चा एवं कला-संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से एक समग्र अनुभव प्रदान किया जा रहा है। विद्यालय प्रभारी श्री राजेश देव पांडे ने बताया कि इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के अलावा व्यावहारिक जीवन की उपयोगी समझ देना है।

इसी क्रम में हाल ही में विद्यार्थियों को परमाणु विस्फोट जैसी आपदा की स्थिति में सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया, जिसमें बच्चों ने बम गिरने जैसी आपात स्थिति में "Duck, Cover, Hold" जैसी तकनीकों का अभ्यास करते हुए आत्म-सुरक्षा और समुदाय की रक्षा का संदेश सीखा। यह मॉक ड्रिल छात्रों को जागरूक और सतर्क नागरिक बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास रहा। समर कैंप का समापन 20 मई को एक विशेष कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षक एवं विद्यार्थी भाग लेंगे। समापन समारोह में शिविर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं सम्मान स्वरूप शील्ड दी जाएगी।

## प्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता का कलेक्टर द्वारा सम्मान




रणजीत टाइम्स

**गोटेगाँव विगत दिवव जिला कलेक्टर के सभागार में आयोजित हाईस्कूल,हाई सेकेंडरी नरसिंहपुर मध्यप्रदेश में प्रथम आने पर हाईस्कूल,हाई सेकेंडरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं संस्था के प्राचार्य का सम्मान समारोह में जिला कलेक्टर शीतला पटले,पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपर कलेक्टर, संपूर्ण जिले से पहुचे संस्था के प्राचार्य अभिभावकों के समक्ष सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव के प्रमुख प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता का सम्मान किया गया इस सम्मान के लिए संस्था के अध्यक्ष व्यवस्थापक समस्त पदाधिकारी आचार्य परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।**

# विधायक ने किये 2 करोड़ 59 लाख रूपये की लागत के विकास कार्यों के भूमि पूजन

## पिछोर विधानसभा में ऐसी कोई पंचायत शेष नहीं रहेगी जिसमें विकास कार्य न हो

रणजीत टाइम्स

जगदीश पाल




पिछोर (शिवपुरी) पिछोर विधानसभा क्षेत्र में सुर्खियों में रहने वाले क्षेत्रीय विधायक प्रीतम सिंह लोधी अपने विकास कार्यों के नाम से भी पहचाने जाने लगे हैं! उन्होंने पिछोर तथा खनियाधाना के लगभग सभी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में अपनी विधायक निधि के माध्यम से विकास कार्यों को करने का संकल्प लिया है! उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को देखकर क्षेत्र की जनता भी विधायक के प्रति प्रसन्न नजर आ रही है, हाल ही में उन्होंने 02 करोड़ 59 लाख रुपए की लागत से भूमि पूजन तथा लोकार्पण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत नयागांव में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 65 लाख रू.,सामुदायिक भवन 25 लाख रू. यात्री प्रतीक्षालय 04 लाख रू. तथा सीसी रोड 21 लाख रुपए कुल 1 करोड़ 15 लाख रू.तथा वहीं गरेठा पंचायत में स्कूल बाउंड्री वॉल 10 लाख रू. सीसी रोड 15 लाख रू.,यात्री प्रतीक्षालय 04 लाख रू.,सीसी सड़क 10 लाख रू. की लागत से लगभग 45 लाख रू. की राशि का भूमि पूजन तथा लोकार्पण किया, इसके साथ-साथ आठ मई गुरुवार को खनियाधाना के सीतापाठा मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु 45 लाख रुपए विधायक निधि से दिए विधायक द्वारा बताया गया कि कुछ दिनों बाद टेंडर प्रक्रिया होने के पश्चात बाकी कार्य भी प्रारंभ होंगे उन्होंने सीतापाठा मंदिर में कार्यकर्ता तथा आम जनों के साथ उपस्थित होकर पूजा अर्चना कर मंदिर के कार्य को प्रारंभ किया वहीं खनियाधाना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुजवाहा तथा ग्राम पंचायत कमालपुर दोनों पंचायतों को 25-25 लाख रुपए की लागत से बनने वाला सामुदायिक भवन तथा तीन लाख रू. की राशि से बनने वाला छोटा समुदायिक केंद्र का भूमि पूजन तथा लोकार्पण किया गया! विधायक द्वारा बताया गया कि मैं पिछोर विधानसभा क्षेत्र की ऐसी कोई भी ग्राम पंचायत शेष नहीं रहने दूंगा जहां पर विकास कार्य न हो,मैं हर पंचायत में विकास कार्य करूंगा जहां ग्राम पंचयातो में पानी के टैंकरों की आवश्यकता थी वहां मैंने लगभग ग्राम पंचायतों में पानी के टैंकर की व्यवस्था की,तथा जहां रोड,प्रतीक्षालय, सामुदायिक भवन, गरीबों को रहने के लिए जगह, अस्पताल, आदि ग्राम पंचायत में व्यवस्था नही थी वहां मेरे द्वारा पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ, मेरा लक्ष्य हमेशा एक ही है कि मैं पिछोर विधानसभा क्षेत्र को नंबर एक की विधानसभा बनाकर ही रहूंगा जिस कारण में आप लोगों के बीच दिन-रात रहकर मेहनत कर रह रहा हूं!

# बिओ इंदौर खाद्य विभाग और थाना परदेशीपुरा की सहारनिय कार्यवाही..

## कंट्रोल से मिलने वाले गेहूं और चावल पर हुई कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। परदेशीपुरा थाने के दो जवान आशीष सिंह एवं गौरव शर्मा द्वारा एक वेन को संगिन्ध देख कर रोका गया वेन का नंबर MP09 BC 9248 था जिसमें पीछे कुछ माल पीली पल्ली ढंक कर रखा हुआ था जब वेन की जांच की गई तो पता चला कि वेन में कंट्रोल से मिलने वाला पीडीएस का चावल और गेहूं हे गाड़ी वाले से पूछा गया कि वो माल कहा से लाया हे तो वह कुछ भी जवाब नहीं दे पाया उससे नाम पूछे जाने पर उसने अपना नाम प्रमोद कुमार जैन बताया उसके बाद गाड़ी को तत्काल थाना परदेशीपुरा पर खड़ा करवाया गया और करीब 4 घंटे बाद इंदौर खाद्य विभाग को सूचना दी गई , सूचना मिलने पर इंदौर खाद्य विभाग के अधिकारी दिलीप मनवारे और राहुल शर्मा जी पहुंचे और उन्होंने जांच की और पाया कि गाड़ी में करीब 10 कट्टे पीडीएस का चावल और गेहूं हे जिसके बाद उन्होंने कार्यवाही करते हुए माल और गाड़ी दोनों को जप्त कर लिया खाद्य विभाग की इस कार्यवाही से एक बार फिर राशन माफियाओं पर कड़ा प्रहार हुआ.... खाद्य विभाग के अधिकारी दिलीप मनवारे ने बताया कि थाना परदेशीपुरा की सूचना पर हमारे द्वारा जांच की गई जिसमें प्राथमिक तौर पर कंट्रोल का चावल दिख रहा हे और करीब 5 क्विंटल चावल माल जप्त हुआ हे गाड़ी प्रमोद जैन की हे , हमारे द्वारा गाड़ी और माल जप्त कर लिया गया हे पत्रकार चक्रवर्ती इंदौर मध्य प्रदेश।

# श्री ग्यारहमुखी हनुमान मंदिर के 12 वे वार्षिकोत्सव पर निकली कलश यात्रा

**रंजीत टाइम्स**

श्री ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर का 12 वा वार्षिकोत्सव पर श्री मद भागवत कथा का



आयोजन का शुभारंभ नौबस्ता स्थित आवास विकास हंसपुरम में आचार्य पं सुभाष चन्द्र जी महाराज के द्वारा पूजन कर किया गया। इस मौके पर आचार्य पं सुभाष चन्द्र जी महाराज ने बताया कि आज विशाल कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से क्षेत्र में निकाली गई जिसमें हजारों महिला श्रद्धालुओं ने सर पर कलश रख परिक्रमा की। आचार्य जी के मुताबिक 9 मई को वेदी पूजन तथा कथा प्रारम्भ होगी। तथा 14 मई को ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार प्रातः काल से प्रारम्भ होगा। कथा समापन व्यास पूजन एवं फूलों की होली 15 मई को 16 मई को सभी देवताओं का पूजन श्रृंगार हवन एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा। 16 मई साय काल से सुंदरकांड पाठ का प्रारंभ किया जाएगा। संबोधन में आचार्य पं सुभाष चंद्र जी महाराज ने कहा कि मंदिर प्रांगण में विराजमान श्री ग्यारह मुखी हनुमान जी के दर्शन मात्र से मनुष्य के सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। कथा यजमान पुष्पेंद्र त्रिवेदी सुशीला त्रिवेदी ने बताया कि आस्था विश्वास का प्रतीक ग्यारह मुखी हनुमान मंदिर वह जबसे आए कभी भी किसी कष्टों से उनका सामना ना हुआ। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से कपिल सिंह श्वेता सिंह आकर्षण गुप्ता शारदा गुप्ता श्रवण तिवारी अजय अग्रवाल धर्मेंद्र सिंह बबलू तिवारी डॉ एस एन द्विवेदी विवेक मिश्रा मुक्तेश बंसल भावना अग्रवाल भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शिवम मिश्रा नवीन तिवारी केके बाजपेई संजय दिनेश मोदी केके मिश्रा पूनम श्रीवास्तव दिनेश तिवारी अमन हेमंत श्रीवास्तव यशराज सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मुकेश अंबानी इतने भी व्यवसायिक ना बने कि,,

खबर पढ़ी कि भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर का पैटेंट करवाने खातिर व्यवसायिक मुकेश अंबानी लालायित हैं। मुकेश अंबानी आप लाशों का व्यापार कर लो,मरघट का ठेका ले लो,,, पर देश के मान सम्मान को पेटेंट करवाने की सोचना भी मत,,, भारतीय सेना ने पडौसी देश में पल रहे बढ़ रहे आंतकवादी संगठन को जबाब ही नहीं दिया मांद में घुसकर बता दिया



भारत शांतिदूत है पर कायर नहीं,,,हम लक्ष्य भेदी लंका जलाना भी जानते हैं तो अपने अपमान का बदला लेने खातिर गदा धारी भीम बनकर छाती फाड लहू पिना भी जानते हैं। आपरेशन सिंदूर हर भारतीय का मान है जो उसकी सेना ने मस्तक पर सजाया,, सिंदूर केवल महिलाओं की मांग में ही नहीं सकता है।यह भगवान हनुमान जी महाराज को भी पोता जाता है,, अंबानी तुम्हें पता हो या ना पता हो तो पता कर लेना,, भगवान शिव का अवतार है हनुमानजी महाराज और देवी पार्वती हनुमानजी महाराज की पुंछ में बसी,,,,रावण ने मतांध होकर जब शिव को लेकर चला तो देवी पार्वती कुपित हुई और तय किया लंका को खाक करने का,,, और हनुमानजी महाराज ने पुंछ से ही लंका को जलाया,, अंबानी सरकारी संरक्षण में हम भारतीयों के मान सम्मान से मत खेलो,,, सेना भारतीय जनमानस का गुरु है मान अभिमान है सम्मान है मस्तक है समझे,, और उसका आपरेशन सिंदूर हर भारतीय के ललाट पर लगा विजय तिलक,,,। समझे हमारे तिलक पर व्यवसायिक कुदृष्टि डालना भी मत,,, व्यवसायिक सोच हमारे मान सम्मान पर लादना भी मत,,, बनाना जानते हैं तो मिटाना भी,, आगे बढ़ाना जानते हैं तो रसातल में पहुंचाना भी, सरकार झुकती होगी आगे से आगे बढ़ो इसलिए बैंकों की लेनदारी सेटलमेंट करवाती होगी, सहूलियत देती है देती रहे,,,पर यह मत करना वरना बर्बाद हो जाओगे हम सब खिलाफ उठेंगे सरकार हमारे रहम करम पर हम सरकार बनाते हैं तो गिराते भी,,समझे।

## संपादकीय

### ऑपरेशन सिंदूर ने सरकार पर जनता के भरोसे को मजबूत किया

**भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकियों ठिकानों को तबाह कर दिया। हम अमन चाहते हैं, मगर जुल्म के खिलाफ गर जंग लाजमी है तो फिर जंग ही सही। साहिर लुधियानवी की पंक्तियां आज के वक्त में बिल्कुल मौजू नजर आती हैं। मौजूदा समय में यहां जुल्म की जगह आतंकवाद ने ली है। यह आतंक कोई और नहीं बल्कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान ही फैला रहा है।**

भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकियों ठिकानों को तबाह कर दिया। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी ढेर हुए हैं। 25 मिनट के भीतर 9 ठिकाने तबाह किए गए हैं। आतंकी मसूद अजहर के परिवार के करीब 10 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का पल है। अब गुरुवार को सर्वदलीय बैठक होने वाली है। हम अमन चाहते हैं, मगर जुल्म के खिलाफ गर जंग लाजमी है तो फिर जंग ही सही। साहिर लुधियानवी की पंक्तियां आज के वक्त में बिल्कुल मौजू नजर आती हैं। मौजूदा समय में यहां जुल्म की जगह आतंकवाद ने ली है। यह आतंक कोई और नहीं बल्कि हमारा पड़ोसी पाकिस्तान ही फैला रहा है। आज ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पड़ोसी को उस भाषा में जवाब भी मिला है जिसको वह आसानी से समझ लेता है। ऑपरेशन सिंदूर ने पहलगाम हमले के खिलाफ भारत का शौर्य और हमारी सेना की वीरता को दिखा दिया। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी ने कहा है कि मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। यही मेरे पति को सच्ची श्रद्धांजलि है। मेरे पति आज जहां भी होंगे, उन्हें शांति मिलेगी। मेरे पूरे परिवार को उन पर भरोसा था और जिस तरह से उन्होंने (पाकिस्तान को) जवाब दिया, उसने हमारे भरोसे को कायम रखा है। ये महज शब्द नहीं है बल्कि भावनाएं है पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी की पत्नी की। शुभम के पत्नी जैसी कई महिलाएं हैं जिन्होंने आतंकियों के हाथों अपना सुहाग और खुशी को गंवाया हैं। आज ऐसी माताओं-बहनों के कलेजे को सुकून मिला होगा। यह पहलगाम हमले का न्याय है। पहलगाम का बदला पूरा हो गया है। आतंकियों ने हमारी माताओं-बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ा था। पहलगाम हमले के बाद के दिनों में, अपने पति के मृत शरीर के पास लेटी हुई एक महिला की तस्वीर वायरल हो गई थी, जो हमले के पीड़ितों द्वारा सहन किए गए दर्द और हृदय विदारक पीड़ा का प्रतीक बन गई थी। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर से ही आतंकियों को जवाब मिल गया। हमारी मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकी मिट्टी में मिल गए। उन्होंने वह अंजाम भुगता जिसके वे हकदार थे। पहलगाम में धर्म पूछकर आतंकियों ने हमारी बहन-बेटियों का का सिंदूर उजाड़ा गया था। आतंकियों ने जो बर्बरता की ऐसे में उनका यही हाल होना था। भारत ने उसकी सजा दी है। सरकार की तरफ से पहले ही आतंकी हमले के बदले का आश्वासन दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर का नाम पीएम मोदी ने दिया था। हालांकि, इस बात की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान के लिए भारत की तरफ से चुना गया नाम ऑपरेशन सिंदूर प्रतीकवाद से भरा है। 'ऑपरेशन सिंदूर' का संबंध उस सिंदूर से है जो सुहाग का प्रतीक है। वह सिंदूर जिसे हिंदू महिलाएं शादी के बाद अपने माथे पर लगाती हैं। ऑपरेशन सिंदूर अब ऐसा नाम हो गया है जिसने करोड़ों देशवासियों को गर्व करने का मौका दिया है। इसके साथ ही हमारी उन मां-बहनों की आंखों में खुशी के आंसू दिए हैं जिन्होंने इस हमले में अपना बेटा, अपना भाई और अपने पति को खोया। इसके अलावा उन परिवारों के कलेजे को ठंडक पहुंचाई है जिन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में अपने करीबी और प्रियजनों को गंवा दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने देशवासियों को इस मायने में खुशी दी है कि पाकिस्तान को उस भाषा में जवाब दिया गया है जिसका वह हकदार है।

# आम भारतीयों में उनके पुरुषार्थ को जगाने का काम

**चार दशकों से जिस तरह पाकिस्तान ने भारत की नाक में दम किए हुए था उससे सब्र की सीमा समाप्त हो गई है। 2014 के बाद भारत ने जवाब देना भी सीख लिया है। उरी और पुलवामा के बाद भारत ने एयर और सर्जिकल स्ट्राइक जरूर की थी पर जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया वो अलग ही है। सेना प्राउड के साथ यह बता भी रही है कि हमने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया है। जाहिर है कि पहलगाम हमले का यह बदला सदियों से बनी भारत की सॉफ्ट इमेज को खत्म करने में कारगर होने वाला है। सेना का यह एक्शन आम भारतीयों में उनके पुरुषार्थ को जगाने का काम किया है।**



1994 में आई नाना पाटकर की एक फिल्म आपने भी देखी होगी, नाम था क्रांतिवीर। नाना पाटेकर फिल्म के क्लाइमेक्स में एक डॉयलॉग बोलते हैं- हमारा पड़ोसी...साला! अपने देश में एक सुई भी नहीं बना सकता और हमारे देश को तोड़ने के सपने देखता है... वो ये सपने देख सकता है क्योंकि ये (अपना देश) मुर्दों का देश है...आए दिन हमारे देश में आता है और हमले करके चला जाता है...।' उस दौर में होश संभालने वाले लोगों ने लगातार अपने देश को कमजोर होते ही देखा। संसद पर हमला, मुंबई पर हमला, मुंबई के लोकल ट्रेंस में सीरियल विस्फोट, अक्षरधाम मंदिर पर हमला आदि अनेक घटनाएं होती रहीं और देश हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहा। बुधवार सुबह जब आम लोगों ने अपनी आंखें खोलीं तो उन्हें पता चला कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर अपने शौर्य का डंका बजा दिया है। आज हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा जरूर हुआ होगा।

हालांकि पाकिस्तान को 1965 और 1971 में दो बार भारतीय सेना सबक सिखाने का काम कर चुकी है। पर इधर चार दशकों से जिस तरह पाकिस्तान ने भारत की नाक में दम किए हुए था उससे सब्र की सीमा समाप्त हो गई है। 2014 के बाद भारत ने जवाब देना भी सीख लिया है। उरी और पुलवामा के बाद भारत ने एयर और सर्जिकल स्ट्राइक जरूर की थी पर जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया वो अलग ही है। सेना प्राउड के साथ यह बता भी रही है कि हमने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया है। जाहिर है कि पहलगाम हमले का यह बदला सदियों से बनी भारत की सॉफ्ट इमेज को खत्म करने में कारगर होने वाला है। सेना का यह एक्शन आम भारतीयों में उनके पुरुषार्थ को जगाने का काम किया है।

सॉफ्ट नेशन की धारणा का मतलब है कि एक देश अपनी विदेश नीति में पर्याप्त रूप से आक्रामक या दृढ़ नहीं है। विशेष रूप से आतंकवाद और पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान के साथ संबंधों में भारत बिल्कुल भी दृढ़ नहीं रहा है। 2013 में, पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सतीश चंद्र ने कहा था कि भारत की समस्या यह है कि हमने कभी भी किसी राष्ट्र पर हमारे खिलाफ की गई कार्रवाई के लिए कीमत नहीं चुकाई। हम चुप रहते हैं और जो कुछ भी आता है, उसे स्वीकार करते हैं।

भारत की स्वतंत्रता गांधीवादी अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों पर आधारित थी, जिसने विश्व में भारत को शांतिप्रिय राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) में भारत की भूमिका और वैश्विक संघर्षों में तटस्थता ने इसे सैन्य आक्रामकता से दूर एक 'नरम' देश के रूप में प्रस्तुत किया।

1990 और 2000 के दशक में, भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद (जैसे 1993 मुंबई बम विस्फोट, 2001 संसद हमला, 2008 मुंबई हमला) के बावजूद सीमित या कोई प्रत्यक्ष सैन्य जवाब नहीं दिया। भारत को सॉफ्ट नेशन का दर्जा ऐतिहासिक शांतिवाद, संयमित कूटनीति, और सीमित सैन्य आक्रामकता के कारण मिला। हालांकि, 21वीं सदी में भारत की नीतियों, सैन्य कार्रवाइयों, और वैश्विक प्रभाव में बदलाव ने इस धारणा को काफी हद तक कमजोर किया है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम इस बात के प्रमाण हैं कि भारत अब केवल कूटनीतिक बयानों तक सीमित नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा और हितों के लिए निर्णायक कदम उठाने में सक्षम है। फिर भी, इस छवि को पूरी तरह मिटाने के लिए भारत को क्षेत्रीय चुनौतियों (चीन, पाकिस्तान) और आंतरिक समस्याओं पर निरंतर ध्यान देना होगा।

2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट हवाई हमले, और 2025 का 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवाद के खिलाफ भारत के आक्रामक रुख को दर्शाते हैं। इसके साथ ही भारत ने आधुनिक रक्षा उपकरणों जैसे राफेल विमान, एस-400 मिसाइल सिस्टम, और स्वदेशी हथियारों (ब्रह्मोस, पिनाका) से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाई है। क्वाड में सक्रियता, जी20 की अध्यक्षता (2023), और वैश्विक मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्पष्ट आवाज ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह अब फैसले लेना जानता है। पश्चिम के दबाव के बाद भी रूस से तेल और गैस खरीदकर दुनिया की टेढ़ी नजर से बचे रहना इसका सबूत है। भारत के उभार में उसकी आर्थिक प्रगति की भी बहुत बड़ी भूमिका है। भारत को 2025 में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सौभाग्य इसी हफ्ते मिल चुका है।

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर इजरायल की प्रतिक्रिया सबसे स्पष्ट और भारत के पक्ष में रही। भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने लिखा कि हम भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं। आतंकवादियों को उनके अपराधों की कीमत चुकानी होगी। यह बयान भारत को राजनयिक समर्थन देता है और यह संकेत भी देता है कि इजरायल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के साथ खड़ा है। भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजर ने बुधवार सुबह ट्वीट करते हुए लिखा- इजरायल भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन करता है। आतंकवादियों को पता होना चाहिए कि निर्दोषों के खिलाफ जघन्य अपराधों करने के बाद उनके पास छिपने की कोई जगह नहीं है। उनको सबक सिखाया जाना जरूरी है। इजरायल का यह समर्थन भारत के लिए अहम है क्योंकि चीन और तुर्की जैसे अहम देशों का रुख पाकिस्तान की ओर है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बने तनाव के बीच तुर्की ने पाकिस्तान के समर्थन का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि तुर्की के विदेश मंत्री ने पाक विदेश मंत्री को फोन करके भारत की ओर से पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के खिलाफ तुर्की की एकजुटता व्यक्त की है। तुर्की ने क्षेत्रीय सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की है।

भारत की ओर पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत एयर स्ट्राइक पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी है। मार्को रुबियो ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। रुबियो ने उम्मीद जताई कि भारत-पाकिस्तान में बना ये तनाव जल्दी ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व दोनों के साथ बातचीत जारी रहेगी।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच बनी तनावपूर्ण स्थिति को 'शर्मनाक' बताया है। ट्रंप ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्ययह शर्म की बात है, हमने इसके बारे में ओवल ऑफिस में प्रवेश करते ही सुना। मुझे पहले ही लग रहा था कुछ होने वाला है। दोनों देश लंबे समय से, वास्तव में कई दशकों से लड़ रहे हैं। मैं यही सिर्फ उम्मीद करता हूं कि यह बहुत जल्दी खत्म हो जाए।

रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि भारत-पाक तनाव को लेकर हम चिंतित हैं और दोनों देशों से संयम की अपील करते हैं। हालांकि रूस ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी, जिससे संकेत मिलता है कि वह भारत की आतंकी विरोधी नीति का समर्थन करता है, लेकिन सैन्य कार्रवाई से स्थिति के बिगड़ने को लेकर सतर्क भी है।

चीन के राजनयिक ने संतुलित बयान दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान को शांति बनाए रखनी चाहिए और ऐसी कार्रवाई से बचना चाहिए जिससे स्थिति और जटिल हो। चीन का यह बयान एक राजनीतिक संतुलन दिखाता है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशियाई बाजारों में तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट का शिकार हो गए। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना हुआ है।



अमेरिकी बाजारों में पिछले सत्र के दौरान आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,631.28 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.27 प्रतिशत उछल कर 17,738.16 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 246.05 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की छलांग लगा कर 41,360.02 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.45 प्रतिशत फिसल कर 8,559.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.92 प्रतिशत टूट कर 7,626.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 133.69 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,115.96 के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज आमतौर पर मजबूती का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,214.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.50 प्रतिशत लुढ़क कर 6,891.48 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.22 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,471.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 36,879.54 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 250.03 अंक यानी 1.09 प्रतिशत उछल कर 22,941.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 150.83 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की मजबूती के साथ 20,697.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,588.07 अंक के स्तर पर, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,355.26 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.20 प्रतिशत उछल कर 3,873.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी सोना-चांदी के बढ़े भाव

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज भी मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये से लेकर 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,760 रुपये से लेकर 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसके पहले बुधवार को दिल्ली समेत देश के कई सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना कुछ देर के लिए 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक के स्तर को पार कर गया था, लेकिन बाद में इसके भाव में गिरावट आ गई। चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।



दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सऊदी प्रो लीग 2024-25... खिताबी दौड़ में पिछड़ा अल नासर अल इत्तिहाद से हार के बाद चौथे स्थान पर फिसला



नई दिल्ली, । क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम अल नासर को सऊदी प्रो लीग के एक अहम मुकाबले में अल इत्तिहाद के खिलाफ 2-3 की हार का सामना करना पड़ा। अल-अव्वल पार्क में खेले गए इस मुकाबले में अल नासर ने दो गोल की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में टीम ने वह बढ़त गंवा दी। रोनाल्डो इस मैच में गोल करने में नाकाम रहे।

**तीसरे मिनट में सादियो माने ने दिलाई बढ़त** अल नासर की शुरुआत जबरदस्त रही और तीसरे मिनट में ही सादियो माने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह मौका उन्हें इत्तिहाद के डिफेंडर अब्दुलएलाह अल-अमारी की गलती से मिला, जिनकी बैक पास किक माने के पास पहुंच गई। माने ने गेंद को कंट्रोल करने के बाद गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल दिया।

**पहले हाफ में 2-0 की मजबूत स्थिति में थी अल नासर** पहले हाफ के खत्म होने से पहले अल नासर ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। इस बार माने ने असिस्ट किया और अयमन यहया ने बिना समय गंवाए गेंद को नेट में पहुंचाया। पहले हाफ के बाद ऐसा लग रहा था कि अल नासर आसानी से मुकाबला जीत लेगी।

**बेंजेमा-कांते ने किया पलटवार, औआर ने दिलाई जीत** दूसरे हाफ की शुरुआत में ही अल इत्तिहाद ने आक्रामक रुख अपनाया और पांच मिनट के अंदर वापसी के संकेत दे दिए। रोनाल्डो के पुराने साथी करीम बेंजेमा ने हेडर के जरिए गेंद को आगे बढ़ाया और इसके तीन मिनट बाद ही एन'गोलो कांते ने कट बैक पास पर शानदार गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया।

निर्णायक गोल हौस्सेम औआर के नाम रहा, जिनका पहला शॉट अल नासर के गोलकीपर बेंटो ने रोक लिया था, लेकिन रिबाउंड पर गेंद इत्तिहाद के खिलाड़ी से टकराकर नेट में चली गई।

**प्वाइंट टेबल में बड़ा असर, इत्तिहाद शीर्ष पर मजबूत** इस हार के साथ अल नासर अब अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है और अब वह शीर्ष पर मौजूद अल इत्तिहाद से 11 अंक पीछे है। वहीं इत्तिहाद ने इस जीत से अपने शीर्ष स्थान को और मजबूत कर लिया है।

# चैम्पियंस लीग: पीएसजी ने आर्सेनल को हराकर फाइनल में बनाई जगह, रुइज़ और हकीमी रहे हीरो




**पेरिस, । फैबियन रुइज़ और अचरफ हकीमी के गोलों की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार देर रात को आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर कुल 3-1 के अंतर से चैम्पियंस लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह क्लब के इतिहास में दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है।**


**रुइज़ और हकीमी के गोलों ने दिलाई जीत पहले चरण में 1-0 से बढ़त हासिल कर चुकी पीएसजी ने अपने घरेलू मैदान 'पार्क डेस प्रिंस' में शानदार प्रदर्शन किया। 27वें मिनट में फैबियन रुइज़ ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट मारकर पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में अचरफ हकीमी ने 72वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मुकाबले को लगभग खत्म कर दिया।**

**साका ने लौटाई उम्मीद, लेकिन चूके मौके पर आर्सेनल के लिए बुकायो साका ने 76वें मिनट में एक गोल कर वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद एक ओपन गोल मिस कर बैठे। इससे पहले गोलकीपर डोनारुम्मा ने कई शानदार बचाव कर आर्सेनल को शुरुआती बढ़त लेने से रोका।**

**विवादित पेनल्टी और मिस हुआ मौका 64वें मिनट में पीएसजी को एक विवादित पेनल्टी मिली, जब हकीमी के शॉट पर गेंद आर्सेनल के लुईस-स्केली के हाथ से छू गई। हालांकि, विटिन्हा इस मौके को गोल में नहीं बदल सके और डेविड राया ने शानदार बचाव किया।**

**अब इंटर मिलान से भिड़ेगा पीएसजी अब पीएसजी का मुकाबला 31 मई (1 जून, भारतीय समय अनुसार) को म्यूनिख में इंटर मिलान से होगा। इससे पहले पीएसजी 2020 में फाइनल में पहुंचा था, जहां उसे बायर्न म्यूनिख से हार मिली थी।**

**आर्सेनल का टूटा सपना आर्सेनल की यह दूसरी फाइनल में पहुंचने की कोशिश थी, जो 19 साल बाद संभव हो सकती थी। लेकिन एक बार फिर यूरोपीय खिताब की तलाश अधूरी रह गई। अब मिकेल आर्टेटा की टीम प्रीमियर लीग में लगातार तीसरी बार उपविजेता बनने के लक्ष्य पर ध्यान देगी।**



# सोनू सूद को मिलेगा ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड

**मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को मानवीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। सोनू सूद लोगों की मदद के लिए हमेश तत्पर रहते हैं।कोरोना काल के दौरान सोनू सूद ने देशभर में लोगों की मदद की थी। सोनू सूद ने अपने फाउंडेशन सूद चैरिटी के माध्यम से देशभर में लोगों की मदद की थी। सोनू सूद इस साल 31 मई को हैदराबाद में होने वाले मिस वर्ल्ड के ग्रैंड फिनाले में बतौर जज नजर आने वाले हैं। इस इवेंट में सोनू सूद को उनके मानवीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड दिया जाएगा।**

सोनू सूद ने अवॉर्ड के ऐलान के बाद अपनी खुशी जाहिर करते कहा,मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन से ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड प्राप्त करना बहुत ही विनम्र अनुभव है। यह हमारे प्रयासों के पीछे के उद्देश्य को मजबूत करता है। जरूरतमंदों को आशा, समर्थन और गरिमा प्रदान करना मैं इस मान्यता को हर वॉलंटियर, सपोर्टर और उन सभी के साथ साझा करता हूं जिनके जीवन को हमने सूद चैरिटी फाउंडेशन के माध्यम से छुआ है। मुझे यह घोषणा करते हुए भी गर्व हो रहा है कि मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन और सूद चैरिटी फाउंडेशन ने कैंसर मुक्त दुनिया के लिए जागरूकता फैलाने के लिए एक साथ काम करने का निर्णय लिया है। यह साझा प्रतिबद्धता संदेश को बढ़ाने और दुनिया भर में लाखों लोगों को आशा देने में मदद करेगी।


# सिविल सेवा में जाना चाहती थी निकिता दत्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता सिविल सेवा में जाना चाहती थी। निकिता दत्ता ने हाल ही में एक कार्यक्रम में अपने सिनेमा के सफर पर खुलकर बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने अपने करियर के एक अनछुए पहलू का ज़िक्र किया। उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था जब वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा देकर सिविल सेवाओं में जाना चाहती थीं। निकिता ने बताया, मैं एक आर्मी परिवार से आती हूं।मेरे आसपास लगभग हर कोई किसी न किसी रूप में सेना से जुड़ा रहा है। ऐसे अनुशासित माहौल में पल-बढ़कर, मेरा भी झुकाव एक व्यवस्थित जीवन की ओर था। एक समय तो ऐसा था जब मैं यूपीएससी परीक्षा में शामिल होकर सिविल सर्विसेज की राह पर जाना चाहती थी। मेरे जैसे किसी इंसान के लिए, जिसने अब अभिनय को अपना पेशा बना लिया है, यह बदलाव काफी बड़ा था। हम ऐसे माहौल में पले-बढ़े जहां नियम, अनुशासन और कर्तव्य सबसे ऊपर थे। वहीं, क्रिएटिव फील्ड में करियर बनाना, जहां हर दिन कुछ नया और अनिश्चित होता है, मेरे लिए पूरी तरह से अलग अनुभव था। लेकिन मुझे लगता है कि वही अनुशासन मुझे इस इंडस्ट्री में स्थिर और केंद्रित रहने में मदद करता है, जो अक्सर काफी अव्यवस्थित लगती है।" निकिता को इस समय उनकी हालिया फिल्म 'ज्वेल थीफ' में उनके किरदार फराह के लिए काफी सराहना मिल रही है। दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने उनकी अदायगी को प्रभावशाली, बारीक़ियों से भरी और अब तक के करियर की सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस में से एक बताया है।

# पंकज त्रिपाठी बने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का चेहरा, बोले- 'मेरे लिए सम्मान की बात'

बिहार से आने वाले बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का चेहरा बने हैं। बिहार के सबसे बड़े खेल आयोजनों में शामिल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देश भर के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। पंकज त्रिपाठी भी इस आयोजन में शामिल हुए और अपने राज्य का चेहरा बनने पर अभिनेता ने खुशी जताई और इसे अपने लिए गर्व की बात बताया। बिहार के प्रेरक चेहरे के रूप में आमंत्रित किए गए पंकज त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा, "मेरे लिए अपने गृह राज्य में खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना एक बड़ा सम्मान है। बिहार में इन खेलों का आयोजन होते देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए बिहार सरकार और खेल अधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई।



हमारे युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना सिर्फ शारीरिक शक्ति का निर्माण करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह अनुशासन और आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने के बारे में है। मुझे उम्मीद है कि बिहार के प्रेरक चेहरे के रूप में मेरी भागीदारी युवा लड़कों और लड़कियों को बड़े सपने देखने, सक्रिय रहने और गर्व के साथ बिहार व भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित करेगी।" खेलो इंडिया यूथ गेम्स के जरिए बिहार में धीरे-धीरे खेलों के प्रति जागरुकता बढ़ रही है और प्रदेश से नए-नए खिलाड़ी निकल रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स बिहार का अब तक का सबसे बड़ा खेलों को लेकर होने वाला आयोजन है। पंकज त्रिपाठी का इस आयोजन से जुड़ना बिहार के युवाओं को और भी प्रोत्साहित करता है।

## खेल

# पंजाब-दिल्ली का मैच बीच में रद्द

**10 ओवर के बाद ब्लैकऑउट, एहतियात के चलते खाली करवाया स्टेडियम**

**एजेंसी » धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में खेले जा रहे पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स क्रिकेट मैच को सुरक्षा दृष्टि के मद्देनजर रद्द करना पड़ा। खराब मौसम के चलते लगभग डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ मैच देर सायं जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती हमलों के बाद बीच में रोक दिया गया। चूंकि फ्लड लाइट्स में यह मैच खेला जा रहा था, इसलिए ब्लैकआउट के लिए लाइट बंद कर दी गईं और धीरे-धीरे स्टेडियम को खाली करवाया गया। धर्मशाला जे एंड के और पठानकोट से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित है और यहां पर 20000 से अधिक लोगों की भीड़ इक_ी कर मैच न करवाने को लेकर सुबह से ही बुद्धिजीवी लोग चर्चा कर रहे थे। बावजूद इसके प्रशासन ने मैच करवाने के लिए हामी भर दी। हालांकि रात को नौ बजे के करीब पाकिस्तान की ओर से की गई कार्रवाई के चलते जिला प्रशासन हरकत में आ गया और अफरा-तफरी में स्टेडियम को खाली करवाना पड़ा।

इस दौरान लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। स्टेडियम खाली करने के निर्देशों के बाद जैसे-तैसे लोग स्टेडियम से बाहर निकलने में कामयाब हुए, लेकिन प्रशासन की एक कॉल के बाद पूरे स्टेडियम में अफरा-तफरी मच गई।



वहीं, मुकाबले की बात करें, तो पंजाब किंग्स टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन 10.1 ओवर के खेल के बाद मैच को रद्द कर दिया गया। 11वें ओवर में एहतियात के कारण स्टेडियम की सारी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गईं। साथ ही आईपीएल अधिकारियों ने टीमों को एचपीसीए स्टेडियम से बाहर जाने का निर्देश दिया। जब मैच रोका गया, तो पंजाब किंग्स ने 10.1 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए थे। प्रियांश आर्य ने पांच चौके और छह छक्के की मदद से 34 गेंदों पर 70 रन बनाए। वहीं, प्रभसिमरन सिंह 28 गेंदों पर 50 रन और श्रेयस अय्यर शून्य रन बनाकर नाबाद लौटे।

# 'पता नहीं कौन सा सत्र आखिरी हो...', संन्यास के सवाल पर भावुक हुए एमएस धोनी

**एजेंसी » कोलकाता**

आईपीएल 2025 में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को उसके घर में दो विकेट से हराकर तीसरी जीत दर्ज की। प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी सीएसके की टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है। मैच के बाद संन्यास के सवाल पर माही भावुक हो गए और उन्होंने फैंस का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने खूब प्यार लुटाया है और उन्हें यह भी तो नहीं पता है कि कौन सा सत्र उनका आखिरी सत्र होगा।

धोनी ने स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। धोनी ने मैच के बाद कहा, 'यही वह प्यार और स्नेह है जो फैंस से मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं। मैं सिर्फ दो महीने खेलता हूं। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस लीग के दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है, लेकिन मैंने जो प्यार और स्नेह देखा है, वह शानदार है।'

धोनी ने अपनी टीम की भी सरहाना की। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'यह केवल तीसरा गेम है जिसे हमने जीता है। जीत की तरफ होना अच्छा है। काफी कुछ चीजें



हमारे पक्ष में नहीं गई हैं। जो महत्वपूर्ण है वह व्यावहारिक होना है। पहचानें कि क्या गलत हुआ है। हमारे पास 25 खिलाड़ी हैं जो जगह भर सकते हैं और मैं उसी पर ध्यान दे रहा था। हम अगले साल के लिए जवाब चाहते हैं कि कौन सा बल्लेबाज कहां और कौन सा गेंदबाज कहां गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, 'शायद ही कोई रन बना रहा था। हां आप कभी-कभी आउट हो जाते हैं, लेकिन आप खुद पर भरोसा करते हैं और ऐसे शॉट खेलते हैं जो आपको लगता है कि आप कर सकते हैं। ये वे खिलाड़ी हैं जो अब टीम का हिस्सा हैं। आप उन्हें नेट्स पर, अभ्यास मैचों में देख सकते हैं, उन्हें मौका दे सकते हैं और देख सकते हैं कि वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। आप क्रिकेट तकनीक या तकनीक के बारे में नहीं देखते, लेकिन उनकी मानसिक मजबूती और खेल की जागरूकता के बारे में देखते हो।'

# इंग्लैंड के खिलाड़ियों को सता रहा डर! जताई पाकिस्तान छोड़ने की इच्छा, नहीं खेलना चाहते पीएसएल?

**एजेंसी » नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) पर संकट मंडराने लगा है। रावलपिंडी में कराई जा रही इस टी20 लीग में छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं और यह अंतिम चरण में है। इसका समापन 18 मई को लाहौर में होना है। इस बीच खबर आ रही है कि इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ी स्वदेश लौटने का मन बना रहे हैं।

समाचार एजेंसी पीटीआई ने गुरुवार को 'द टेलीग्राफ' की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बुधवार की सुबह भारतीय सशस्त्र बलों के हमले के बाद इंग्लिश खिलाड़ी इस बात पर बंटे हुए हैं कि उन्हें पाकिस्तान में रहकर क्रिकेट खेलना चाहिए या नहीं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बुधवार को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आपातकालीन कॉल की थी। इस दौरान बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से स्थिति की पूरी जानकारी ली। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने खिलाड़ियों को घर लौटने की सलाह नहीं दी है। वहीं, अधितकर खिलाड़ी वर्तमान में पाकिस्तान में ही रुकने का मन बना रहे हैं जबकि कुछ स्वदेश लौटना चाहते हैं।

पीएसएल में इंग्लैंड के सात खिलाड़ी खेलते हुए नजर आ रहे हैं। इनमें जेम्स विंस, टॉम करन, सैम बिलिंग्स, क्रिस जॉर्डन, डेविड विली, ल्यूक वुड और टॉम कोहलर कैडमोर शामिल हैं। वहीं, इंग्लैंड के



कोच रवि बोपारा और एलेक्जेंड्रा हार्टले भी पीएसएल के इस संस्करण में अहम भूमिका निभाते नजर आए हैं।

भारतीय सैन्य हमलों से परेशान पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को रोकने पर चर्चा करने के लिए एक आपातकालीन बैठक बुलाई है क्योंकि इसमें कई विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। रावलपिंडी में कराई जा रही इस टी20 लीग में छह फ्रेंचाइजी शामिल हैं और यह अंतिम चरण में है। इसका समापन 18 मई को लाहौर में होना है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने पीटीआई से कहा कि पीसीबी लीग जारी रखने के बारे में सरकार की सलाह का पालन करेगा और बृहस्पतिवार को चर्चा करेगा। सूत्र ने कहा- 'बुधवार से भारत द्वारा पंजाब प्रांत में किए गए ड्रोन हमलों के कारण बैठक में स्थिति की समीक्षा की जाएगी।'

पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सलमान नसीर ने भी रावलपिंडी में विदेशी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि उन्हें चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि पीसीबी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। लीग में कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जैसे डेविड वॉर्नर (कराची किंग्स), जेसन होल्डर (इस्लामाबाद यूनाइटेड) और रासी वान डर डुसेन (इस्लामाबाद यूनाइटेड) शामिल हैं।

### सिंहस्थ-2028 के पूर्व सभी तरह के निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूर्ण करें : संभागायुक्त सिंह

# रेसीडेंसी का विश्राम भवन गेस्ट हाउस भी संवरेगा...




**रणजीत टाइम्स**

**संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में सिंहस्थ-2028 के निर्माण कार्यों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर इंदौर आशीष सिंह, नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा, संयुक्त आयुक्त विकास डी.एस. रणदा, इंदौर विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ इंजीनियर अनिल कुमार जोशी, पुरातत्व विभाग के उप संचालक प्रकाश परांजपे, एमपीआरडीसी के एजीएम प्रतीक शर्मा, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के हिमांशु पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। गूगल मीट के माध्यम से खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल, खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता शामिल हुए।**

संभागायुक्त सिंह ने सिंहस्थ-2028 के तहत इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, जिला पंचायत, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, लोक निर्माण विभाग, जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

#### निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किये जायें

संभागायुक्त सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तरह के निर्माण कार्यों को पारदर्शिता, गुणवत्ता, संवेदनशीलता के साथ और समय-सीमा में पूर्ण किये जायें। जिन निर्माण कार्यों के टेंडर हो चुके है उसे शीघ्र पूर्ण किया जाये और जो कार्य प्रस्तावित है उस पर भी ध्यान दिया जाये। श्री सिंह ने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर विकास कार्यों का मुआयना करें और उसकी प्रगति रिपोर्ट भी बनाये। जो अधिकारी कार्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतेगा उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

#### तलावली चांदा से अरंड़िया मार्ग तक उन्नयन कार्य

कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि सिंहस्थ-2028 के तहत रेसीडेंसी स्थित विश्राम भवन गेस्ट हॉउस में उन्नयन कार्य किया जाना है। इसके अलावा निरंजनपुर चौराहे से मांगलिया तक स्टार्म वाटर ड्रेन लाइन बनाना है। साथ ही तलावली चांदा से अरंड़िया मार्ग तक उन्नयन कार्य किया जाना है। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि इंदौर-उज्जैन रोड़ के यातायात को सुगम बनाने हेतु एमआर-10 पर रेल्वे ओवर ब्रिज के समानांतर अतिरिक्त फोरलेन का निर्माण करना है, जो दो वर्ष की अवधि में पूरा हो जायेगा। इस रोड़ के बन जाने से इस रोड़ का यातायात सुगम होगा।

#### ये कार्य भी किए जाएंगे

बैठक में बताया गया कि पुरात्व अभिलेखाकार एवं संग्रहालय द्वारा इंदौर और उज्जैन संभाग में सिंहस्थ-2028 के अंतर्गत 266 करोड़ रुपए के संरक्षण संबंधी कार्य होना है। जिसमें लालबाग पैलेस का बगीचा एवं बाउंड्रीवाल, कृष्णाबाई होल्कर की छत्री, राजबाड़ा का दरबार हॉल, जाम गेट का सुधार कार्य, महेश्वर का संग्रहालय, बुरहानपुर में गुरू गोविंद सिंह स्मृति संग्रहालय का विकास कार्य, धार में किले के विकास कार्य, अमझेरा में राणा बख्तावर सिंह का स्मारक, माण्डव में छप्पन महल संग्रहालय का विकास कार्य आदि शामिल है। जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण जनों और यात्रियों की सुविधा के लिये ग्राम पंचायत बडोदिया खान, राजोदा और अलवासा में यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य किया जाना है। इसके अलावा पेयजल हेतु टंकी का निर्माण होना है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने सुझाव रखें।

#### 4 किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य होना है

नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने बताया कि सिंहस्थ के तहत नमामि गंगे परियोजना फेज-एक के अंतर्गत कान्ह नदी शुद्धीकरण के लिये सीवरेज ट्रीटमेंट का कार्य होना है। इसके अलावा पालदा तिराहे से बायपास तक 4 किलो मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य होना है। साथ ही सुपर कॉरिडोर, लवकुश चौराहा से पालिया टोल नाका तक 12 किलो मीटर लम्बी सड़क बनना है। इस निर्माण से इंदौर से उज्जैन जाने वाले यात्रियों के लिये सुगम यातायात होगा।

### पास होने पर माँ के साथ नानी से मिलकर लौट रही थी

# दसवीं में पास छात्रा की सड़क हादसे में हुई मौत

**रणजीत टाइम्स**

**एक छात्रा की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह एक्टिवा से अपनी मां के साथ नानी के घर खुशी बांटने गई थी। छात्रा ने दसवीं की परीक्षा पास की थी। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, लेकिन छात्रा अनुष्का तिवारी की मौत हो गई। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को सही समय पर इलाज नहीं मिला।**



अनुष्का तिवारी
मृतक

अनुष्का अपने परिवार के साथ बजरंग नगर क्षेत्र में रहती थी। वह दसवीं में अच्छे नंबरों से पास हुई थी। यह बताने के लिए वह अपनी मां के साथ विजय नगर क्षेत्र में नानी के घर गई थी। वहां से दोनों लौट रही थी, तभी एक वाहन ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर पड़ीं। टक्कर मारने वाला वाहन चालक फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजन पहले दोनो को नंदानगर के बीमा अस्पताल ले गए। मां भारती के शरीर से खून बह रह था। उसका इलाज शुरू हो गया, जबकि अनुष्का को अंदरुनी चोट आई थी। उसके शरीर से खून भी नहीं बहा था। परिजनों ने कहा कि डॉक्टरों ने अनुष्का की अंदरुनी चोट को हलके में लिया, जबकि वह दर्द से कराह रही थी। हम उसे एक निजी अस्पताल में ले गए, लेकिन वहां उसे भर्ती नहीं किया गया। अनुष्का को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। स्ट्रेचर पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# ऑपरेशन सिंदूर के कारण जोधपुर और चंडीगढ़ फ्लाइट भी प्रभावित

**रणजीत टाइम्स**

आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को उडाने के बाद विमानतलों पर उड़ानें बंद करने का असर इंदौर एयरपोर्ट पर भी देखा गया। इंदौर से जोधपुर और चंडीगढ़ के लिए विमान उड़ान नहीं भर सके। यह उड़ानें कब से बहाल होगी, इसे लेकर भी आदेश जारी नहीं हुए है। माना जा रहा है कि सप्ताह भर तक इन शहरों से भारत के दूसरे शहरों का हवाई संपर्क नहीं हो सकेगा। जिन यात्रियों ने कई दिनों पहले देश के सीमावर्ती शहरों के लिए टिकट बुक कराए थे, उन्हें अब एयर लाइंस कंपनियों के उड़ान रद्द होने के मैसेज आ रहे है। गर्मी के दिनों में इंदौर से श्रीनगर, जम्मू के लिए भी काफी लोग घूमने जाते है। आतंकी हमले के बाद श्रीनगर की यात्रा तो ज्यादातर लोगों ने निरस्त कर दी थी, लेकिन वैष्णो देवी यात्रा के लिए लोग जम्मू तक हवाई यात्रा कर रहे थे, लेकिन जम्मू की उड़ान भी निरस्त है। इंदौर से बुधवार को जम्मू की उड़ान निरस्त की गई थी। जो विमान इंदौर से जम्मू जाता है, वह दूसरे दिन चंडीगढ़ जाता है। इस कारण गुरुवार को वह विमान चंडीगढ़ भी नहीं जा सका। जिन लोगों को आवश्यक रुप से इन शहरों में जाना है, वे अब सड़क मार्ग का उपयोग कर रहे है।

### भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

# बगैर अनुमति के आयोजन करने पर लगाया प्रतिबंध

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने के लिए इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं, प्रतिबंधित होंगे। किसी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे किसी जन सामान्य को खतरा महसूस हो एवं आपत्तिजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का संधारण प्रतिबंधित होगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

# संभाग कमिश्नर सिंह ने नायब तहसीलदार को निलंबित किया

**रणजीत टाइम्स**

**संभाग कमिश्नर दीपक सिंह ने कलेक्टर आशीष सिंह की अनुशंसा पर नायब तहसीलदार नागेन्द्र त्रिपाठी तहलसील मल्हारगंज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच करने के आदेश दिये है।**

संभागायुक्त सिंह ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम के उप नियम के विपरीत होने एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन किये जाने से उन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय निर्धारित किया है।

#### ये हैं मामला

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा नायब तहसीलदार त्रिपाठी के संबंध में प्राप्त शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मल्हारगंज को जांच करने के निर्देश दिये गये थे। नागेन्द्र त्रिपाठी द्वारा हल्का पटवारी के माध्यम से राजस्व प्रकरण के निराकरण में एक आवेदिका के फौती नामांतरण के प्रकरण में अनुचित तरीके से राशि मांगी थी। त्रिपाठी द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहित में निहित प्रावधानों का पालन किये बिना तथा बिना स्थल निरीक्षण किये मात्र पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय भूमि सर्वे नंबर 24 से निजी खातेदार को नवीन मार्ग उपलब्ध कराया गया जबकि शासकीय भूमि होने से भूमि में शासन का हित निहित था तथा शासन हित रक्षण करने का दायित्व संबंधित तहसीलदार का था।

# मई में अब तक रिकॉर्ड 4.8 इंच बारिश




**रणजीत टाइम्स**

मई के इतिहास में अब तक हुई सर्वाधिक बारिश है। पिछले चार-पांच दिनों से मौसम ने जो करवट ली है, उसने गर्मी के मौसम में वातावरण को खुशमिजाज बना दिया है। पिछले कई दिनों से नगर में शाम को बादल आसमान में उमड़ आते हैं और फिर बारिश का दौर शुरू हो जाता है। मई महीने में इंदौर में अधिकतम तापमान 40.4 और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस तक रहता है। रातें गर्म होती हैं, मई महीने में औसत वर्षा 13.4 मिलीमीटर तथा वर्षा के दिनों की संख्या 1.5 दिन रहती है। परंतु इस बार मई महीने में मौसम ने अपना मिजाज ही बदल दिया है।

#### 138 साल का रिकॉर्ड टूटा

मौसम विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, मई महीने की सर्वाधिक वर्षा 107.7 मिलीमीटर साल 1886 में दर्ज की गई थी, जो सर्वाधिक महीने की अभी तक की सर्वाधिक वर्षा है। इंदौर में छह मई की रात तक 120.25 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इस तरह मई महीने में 138 साल के बाद सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है। मई महीने में हुई अभी तक की साल 1886 से करीब 12.5 मिलीमीटर यानी आधा इंच अधिक बारिश हुई है। अभी तक मई महीने में इंदौर में 4.8 इंच बारिश दर्ज की गई है। जानकारों के मुताबिक 1886 में जब मई महीने में सर्वाधिक वर्षा हुई थी, उस समय इंदौर के रियासत के प्रमुख तुकोजीराव होलकर द्वितीय थे। जो जून 1886 तक प्रमुख रहे थे। यह महीने में सर्वाधिक वर्षा का रिकॉर्ड तुकोजीराव द्वितीय के कार्यकाल का है। इस तरह करीब 138 वर्ष बाद मई महीने में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है।